सिंहासा में चार फैक्ट्री में लगी आग, लाखों रुपए का हुआ नुकसान

50 से अधिक कर्मचारी थे कार्यरत, काफी मशक्कत के बाद पाया काबू

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

धार रोड के सिहासा गांव में बुधवार को ऑइल पेंट की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। घटना के समय फैक्ट्री में 50 से अधिक कर्मचारी कार्यरत थे, जो आग लगते ही बाहर निकल गए। इस फैक्ट्री की आग ने पास में संचालित तीन अन्य को भी चपेट में ले लिया। आग बुझाने में डेढ़ लाख लीटर पानी लगा।

फायर ब्रिगेड के एसआई सुशील दुबे ने बताया कि आग लगने की सूचना शाम 4 बजे लगी थी। यहां गौरव पेंट्स के नाम से फैक्ट्री संचालित होती है। यहां कलर पेंट बनाए जाते हैं। फैक्ट्री के समीप बुरादा की दो तथा पुष्ठे की फैक्ट्री भी आग की चपेट में आ गईं। जेसीबी की मदद से बुरादा और पुष्ठा फैक्ट्री की बाउंड्रीवॉल तोड़कर अंदर से सामग्री निकाली गई, जिससे आग ज्यादा विकराल रूप नहीं ले सकी।

फैक्ट्री की आग ने पास में संचालित तीन अन्य को भी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

मलबे में दबी चिंगारी बनी वजह, संचालक के खिलाफ दर्ज किया गया प्रकरण

राऊ इलाके में स्थित प्रगति उर्फ स्वास्तिक इंटरप्राइजेस केमिकल फैक्ट्री में बुधवार सुबह फिर से आग भड़क उठी। यह वही फैक्ट्री है, जहां चार दिन पहले भीषण आग में दो महिला कर्मचारियों ज्योति और रामकली की दर्दनाक मौत हो गई थी। उस हादसे के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया था। बुधवार तड़के 6 बजे फैक्ट्री से धुआं उठता देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और 5000 लीटर पानी का उपयोग कर आग पर काबू पाया। फैक्ट्री के मलबे और मशीनों में फंसे प्लास्टिक के टुकड़ों में दबी चिगारी के कारण आग दोबारा भड़क गई थी। टीम ने मलबा हटाकर आग को पूरी तरह बुझा दिया। दुर्घटना के बाद राऊ पुलिस ने फैक्ट्री संचालक कमल गिदवानी और सूरज भागवानी पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले में कमल फिलहाल फरार है, जबकि सूरज भागवानी, जो आग बुझाने के दौरान झुलस गया था, अस्पताल में भर्ती है।

गिट्टी डलवाई तो सिर फोड़ा

इंदौर। प्लॉट पर गिट्टी डालने पर हुए विवाद के चलते आरोपी ने टॉमी मारकर फरियादी का सिर फोड़ दिया। घटना प्लेटिनम पेराडाईस कॉलोनी की है। लसूड़िया पुलिस ने फरियादी संजय पिता रमेश पालके निवासी गुरुशंकर नगर की शिकायत पर आरोपी रंजीत खाकरे के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि मेरी साइट पर गिट्टी की ट्रॉली प्लॉट पर डलवाने की बात को लेकर पड़ोसी रंजीत गालियां देने लगा। मैंने गाली देने से मना किया तो उसने हमला कर दिया।

विवाद में युवक पर हमला

इंदौर। सांवेर क्षेत्र के ग्राम मुरादपुरा में विवाद को लेकर कुछ आरोपियों ने युवक पर ईंट और डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल युवक सुनील पिता शिवनारायण परमार की शिकायत पर आरोपी राधेश्याम परमार, दिलीप परमार, रोहित परमार, ऋतिक परमार और रीना पति राधेश्याम परमार पर केस दर्ज किया है। फरियादी और आरोपियों के बीच रंजिश चल रही थी। इसी के चलते दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए। मामूली कहासुनी के बाद आरोपियों ने एकजुट होकर हमला कर दिया।

क्रेडिट कार्ड बीमा राशि के दावे पर खारिज की गई शिकायत

उपभोक्ता आयोग का अहम फैसला, पर्याप्त साक्ष्य नहीं किए गए प्रस्तुत

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

उपभोक्ता आयोग ने एक मामले में पंजाब नेशनल बैंक के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए परिवादी की शिकायत को खारिज कर दिया है।

मामला इस प्रकार था कि परिवादी ने पंजाब नेशनल बैंक के विरुद्ध यह परिवाद प्रस्तुत किया था कि उसके पति के बैंक खाते के व्यवहार को देखते हुए बैंक ने उन्हें क्रेडिट कार्ड सुविधा प्रदान की थी तथा उसके साथ उनके पति का बीमा भी कराया गया था। परिवादी का कहना था कि बैंक ने बीमा प्रीमियम की राशि उनके पति से प्राप्त की थी। पति की मृत्यु के बाद जब परिवादी ने बीमा राशि का दावा किया तो बैंक ने भुगतान करने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिवादी ने 5,70,000 रु. मय ब्याज दिलाए जाने की मांग करते हुए उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और प्रस्तुत साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद उपभोक्ता आयोग ने पाया कि परिवादी अपने दावे के समर्थन में पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल रहीं। परिणामस्वरूप आयोग ने परिवादी की शिकायत को खारिज कर दिया।

नहीं रहती थी न्यूनतम राशि

वहीं विपक्षी पंजाब नेशनल बैंक की ओर से अधिवक्ता मनीष झारोला ने आयोग के समक्ष तर्क दिया कि परिवादी के पति के खाते में न्यूनतम शेष राशि (मिनिमम बैलेंस) तक भी प्रायः नहीं रहती थी। ऐसी स्थिति में बैंक द्वारा उन्हें क्रेडिट कार्ड सुविधा देना संभव ही नहीं था। बैंक के अनुसार... परिवादी ने जिस कार्ड को क्रेडिट कार्ड बताया है, वह वास्तव में डेबिट कार्ड था और उस समय डेबिट कार्ड पर किसी प्रकार की बीमा सुविधा उपलब्ध नहीं थी। बैंक ने स्पष्ट किया कि न तो बीमा प्रीमियम के किसी भुगतान का दस्तावेज प्रस्तुत किया गया और न ही परिवादी के पति के खाते से ऐसी कोई राशि काटे जाने का प्रमाण है, साथ ही परिवादी पहले ही अपने पति के नाम पर अन्य बीमा कंपनियों से लगभग 18 लाख रुपए प्राप्त कर चुकी हैं, इसलिए यह परिवाद झूठे आधार पर अतिरिक्त दावा करने के उद्देश्य से किया गया है।

चेकिंग अभियान में कई बदमाशों पर कार्रवाई से उनमें मचा हड़कंप

असामाजिक तत्वों और संदिग्धों पर नकेल कसने जोन-2 क्षेत्र में मुहिम

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

असामाजिक तत्वों और संदिग्धों पर नकेल कसने के लिए जोन-2 क्षेत्र में लगातार विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। भीड़भाड़ वाले इलाकों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने अपनी मौजूदगी और निगरानी को और मजबूत किया है।

अभियान के तहत 48 गुण्डों, 26 चाकूबाज, 22 निगरानी बदमाश, 51 संदिग्धों को चेक किया गया। धारा 170 में 11, चिह्नित गुंडा-बदमाश 3, 4 चाकूबाजों पर कार्रवाई की गई, जबकि 48 हॉटस्पॉट क्षेत्रों की चेकिंग, 35 शेडो एरिया, 17 बिल्डिंग/मल्टी की चेकिंग कर 5 बदमाशों के स्थायी और 16 बदमाशों के गिरफ्तारी वारंट जारी किए। शराब पीकर वाहन चलाने पर 29 वाहन जब्त किए, वहीं बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी और अन्य उल्लंघन के मामलों में 39 वाहनों पर कार्रवाई हुई। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के मामलों में 5 लोगों को पकड़ा गया, जबकि 1 व्यक्ति नशा करते हुए गिरफ्तार किया गया।

विशेष चेकिंग अभियान के तहत संदिग्ध लोगों की जांच की गई।

जनसंवाद से जनता-पुलिस के बीच मजबूत रिश्ता

अभियान के साथ-साथ जोन-2 के सभी थानों में मोहल्ला मीटिंग और जनसंवाद कार्यक्रम भी निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारी सीधे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। जनसंवाद के दौरान नशे के दुष्परिणामों और अपराध पर उसके प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

जिम से लौटे युवक को आया अटैक, बचा न सके

अंडा खाने के बाद हुई थी एसिडिटी और घबराहट

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

जिम से लौटने के बाद मंगलवार शाम को युवक की हार्टअटैक से मौत हो गई। युवक ने जिम के बाद हाफ फ्राय अंडा खाया था, जिसके बाद उसे एसिडिटी और घबराहट महसूस हुई। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हार्टअटैक से मौत होना बताया।

मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान संदीप पिता श्याम सोनगिरा (32) निवासी सुखलिया ग्राम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार... जिम से लौटने के बाद संदीप अपनी दुकान पहुंचा और वहां हाफ फ्राय खाया। कुछ देर बाद जब वह घर लौटा तो उसे एसिडिटी और बेचैनी महसूस होने लगी। छोटे भाई प्रदीप ने बताया कि संदीप ने सीने में जलन और घबराहट की शिकायत की तो

वह उसे बाइक से डॉक्टर के पास ले जाने लगा। रास्ते में ही संदीप बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे तत्काल भंडारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की।

परिजन ने बताया कि संदीप खातीपुरा इलाके में ''जय पान सदन'' और एग फ्रेश की दुकान संचालित करता था। वह फिटनेस को लेकर काफी सजग था और रोज जिम जाता था।

संदीप के परिवार में माता-पिता, छोटा भाई, पत्नी और दो बच्चे हैं। तीन माह पहले ही उसकी बेटी का जन्म हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

एचडीएफसी के करंट क्रेडिट खाते से 9 लाख रु. निकाले

अज्ञात बदमाश ने हैक किया था मोबाइल

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

पुलिस की तमाम समझाइश के बाद भी ऑनलाइन ठगी की वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। लोग लालच में आकर पैसे गंवा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला एचडीएफसी बैंक के करंट क्रेडिट खाते से 9 लाख रुपए निकाले जाने का सामने आया। इसमें बदमाश ने फरियादी का मोबाइल हैक कर लिया था।

क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया के अनुसार... फरियादी सूरज (परिवर्तित नाम) ने बताया कि उसके दो करंट क्रेडिट अकाउंट में कुल 9 लाख रुपए की लिमिट थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने नेट बैंकिग के जरिए बिना अनुमति के चार अलग-अलग ट्रांजेक्शन करते हुए रकम निकाल ली। मामले की शिकायत पर अपराध शाखा ने धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच टीम ने संबंधित फ्रॉड बैंक खातों को फ्रीज कराने की कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

क्राइम ब्रांच के अनुसार... लगातार जारी साइबर फ्रॉड और सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग की शिकायतों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

हजारों साइबर एडवाइजरी जारी करने के बावजूद लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या ऐप को डाउनलोड न करें और अपने बैंकिंग डिटेल्स किसी के साथ साझा न करें। संदेहास्पद गतिविधि दिखने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में संपर्क करें।

वड़ोदरा के पास 12 घंटे बाद मिले पशु चिकित्सक

इंदौर। मंगलवार सुबह घर से आनंद जाने का कहकर कार से निकले पशु चिकित्सक हरिशंकर रघुवंशी निवासी महालक्ष्मी नगर अचानक लापता हो गए थे। जब काफी देर तक वे घर नहीं पहुंचे तो परिजन ने काफी देर तक तलाश करने के बाद लसूड़िया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने भी डॉक्टर को ढूंढ़ना शुरू किया। इसी बीच करीब 12 घंटे बाद वे वडोदरा के पास अपनी कार में बेहोश मिले हैं। रघुवंशी गुजरात के आणंद स्थित आईबी कंपनी में काम करते थे, इसलिए वे अक्सर गुजरात जाते थे। एडिशनल डीसीपी (क्राइम ब्रांच) राजेश दंडोतिया ने बताया कि वे मंगलवार सुबह घर से कंपनी की कार (जीजे-21 सीए-0643) में निकले थे, लेकिन वे शाम तक गुजरात नहीं पहुंचे। बेटी शोभा रघुवंशी ने बताया कि पिता की आखिरी लोकेशन मुंबई में आई थी। इसके बाद उनसे संपर्क नहीं हो पाया। उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है। शिकायत के बाद लसूड़िया पुलिस ने टीम गठित की और उनकी तलाश शुरू कर दी।

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
सीआईएन: L15311MP2009PLC021746
पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय: खसरा नंबर 378/2, नेमावर रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा, इंदौर-452020, म.प्र., भारत
फोन: (91 731) 2437604 / 642; फैक्स: (91 731) 2437605
ई-मेल: complianceofficer@yellowdiamond.in; वेबसाइट: www.yellowdiamond.in

सितंबर 30, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

सितंबर 30, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और अनुशंसा और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा नवंबर 4, 2025 को आयोजित अपनी संबंधित बैठकों में विचार और अनुमोदित किया गया है।

सितंबर 30, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के संपूर्ण अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015, के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल किया गया है और ये कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर भी उपलब्ध हैं। इसे **क्यूआर कोड** स्कैन करके भी प्राप्त किया जा सकता है।

स्थान: इंदौर
दिनांक: नवंबर 5, 2025

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
अमित कुमत
प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी
डीआईएन: 02663687

महू वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध लकड़ी परिवहन करते जब्त किया ट्रैक्टर

पीपुल्स संवाददाता • महू
मो.नं. 78039-21425

वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से जलाऊ लकड़ी का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। यह कार्रवाई वन अपराध प्रकरण क्रमांक 580/05 (5 नवंबर, 2025) के तहत की गई।

वाहन क्रमांक एमपी-41 एबी-1699) में बड़ी मात्रा में जलाऊ लकड़ी भरी हुई थी। जांच में पाया गया कि लकड़ी का परिवहन बिना वैध अनुमति के किया जा रहा था।

अधिकारियों ने बताया कि वाहन चालक दिलीप पिता रमेश निवासी श्रीखंडी, महूगांव के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वन विभाग ने अवैध लकड़ी परिवहन पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि इस तरह की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

कलेक्टर ने खजराना गणेश मंदिर में की पूजा-अर्चना

शहर की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

देव दीपावली पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने खजराना गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान गणेशजी का अभिषेक, आरती और छप्पन भोग अर्पित किया। पूजा के बाद उन्होंने मंदिर परिसर स्थित अन्नक्षेत्र का अवलोकन किया और भक्तों के साथ प्रसादी ग्रहण की। उन्होंने कहा कि आगामी सिहस्थ को ध्यान में रखते हुए खजराना गणेश मंदिर का विस्तार किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन में अधिक सुविधा मिल सके। मंदिर

के पुजारी भट्ट परिवार ने कलेक्टर को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और आगामी विकास कार्यों की जानकारी दी।

ज्ञात हो कि खजराना मंदिर के अन्नक्षेत्र में प्रतिदिन हजारों भक्त निःशुल्क भोजन करते हैं। अन्नक्षेत्र सुबह 11 बजे से लेकर देर रात तक चलता है। इस अवसर पर बुधवार को पूड़ी, बूंदी और मिक्स सब्जी की विशेष प्रसादी तैयार की गई थी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग खण्डवा संभाग खण्डवा
सिविल लाईन्स, हरसूद नाके के पास खण्डवा (म. प्र.)

web site : www.mp.gov.in/pwdmp E-mail: eepwdkhandwa@mp.nic.in Phone No. 0733-2222292

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 10/व.ले.लि. / 2025-2026 खण्डवा, दिनांक 03.11.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

स. क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	धारोहर राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं आमंत्रण
2025_PWDRB_460465	लोक निर्माण विभाग निमाड उपसंभाग खण्डवा के अनुवर्ग 2 मे शासकीय गैर आवासीय भवनो मे ए.आर.एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू एवं डिपॉजिट कार्य।	रू. 19.90 लाख	39800/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 12 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम।
2025_PWDRB_460466	लोक निर्माण विभाग निमाड उपसंभाग खण्डवा के अंतर्गत विभिन्न मार्गो की सर्वे एण्ड इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट तैयार करने का कार्य।	रू. 19.90 लाख	39800/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 12 माह वर्षाकाल सहित 2) तृतीय।
2025_PWDRB_460467	निमाड उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर मेटल एकत्रीकरण का कार्य।	रू. 5.00 लाख	10000/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 12 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम।
2025_PWDRB_460468	लोक निर्माण विभाग निमाड उपसंभाग के अंतर्गत व्ही.व्ही.आई.पी. के आगमन पर हेलीपेड निर्माण कार्य, हेलीपेड पंहुच मार्ग बेरिकेटिंग परिवहन एवं अन्य आवश्यक कार्य ।	रू. 19.90 लाख	39800/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 12 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम।
2025_PWDRB_460469	लोक निर्माण विभाग निमाड उपसंभाग के अंतर्गत मार्गो एवं पुल पुलियाओ की मरम्मत का कार्य।	रू. 19.90 लाख	39800/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 12 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम।
2025_PWDRB_460470	लोक निर्माण विभाग खण्डवा उपसंभाग के अंतर्गत मार्गो एवं पुल पुलियाओ की मरम्मत का कार्य।	रू. 19.90 लाख	39800/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 12 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम।
2025_PWDRB_460471	खण्डवा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर मेटल एकत्रीकरण का कार्य।	रू. 5.00 लाख	10000/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 12 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम।

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यकहै ।
   1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण 2. अर्नेस्टमनी जमा करने का प्रमाण, 3. चेकलिस्ट (एनेक्जर – एच)
   4. एफिडेविट (राशि रू. 200 के स्टॉम्प पर) विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 10.11.2025 सुबह 10:00 से दिनांक 22.11.2025 सांय 18:00 बजे तक निर्धारित है।
4. इलेक्ट्रानिक ई. एम. डी. (RTGS&NEFT) द्वारा ही स्वीकार की जावेगी ।
5. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त वेबाईट पर देखी जा सकती है।
6. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नही किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
खण्डवा संभाग खण्डवा

जी-21076/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

अपराध रोकने पुलिस की नई पहल, आपराधिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों पर रखी जा रही नजर

ड्रोन बना पुलिस की तीसरी आंख, लोगों में बढ़ेगी सुरक्षा भावना

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

शहर की कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस ने एक नई पहल की है। पुलिस उपायुक्त जोन-2 कुमार प्रतीक के निर्देशन में जोन 2 क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों में ड्रोन पेट्रोलिग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत भीड़भाड़ वाले बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील इलाकों में ड्रोन के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

हाई-रिजाल्यूशन कैमरों से लैस इन ड्रोन की मदद से पुलिस को रियल-टाइम जानकारी मिल रही

है, जिससे अपराधों पर नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है। पुलिस आयुक्त संतोष सिह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिह ने सभी थाना प्रभारियों को नियमित ड्रोन पेट्रोलिग के निर्देश दिए हैं।

किस थाने में कहां-कहां की निगरानी- ड्रोन कैमरे से थाना लसूड़िया क्षेत्र में स्कीम नंबर 78, बावड़ी हनुमान मंदिर, द हब एरिया और आसपास के हॉटस्पॉट इलाकों, थाना खजराना क्षेत्र में टास्कस चौराहा, स्कीम 94, रोबोट चौराहा और धीरज नगर क्षेत्र, थाना विजय नगर क्षेत्र में स्कीम नंबर 54, अपोलो अस्पताल से भंडारी अस्पताल, सत्यसांई चौराहा और शराब दुकानों के आसपास, थाना एमआईजी क्षेत्र में नादिया नगर, संजय गांधी नगर और स्वर्णबाग कॉलोनी, थाना परदेशीपुरा क्षेत्र में टापू नगर, कुलकर्णी का भट्ठा और आसपास के सुनसान इलाके में निगरानी की गई, जहां कई संदिग्धों से पूछताछ की और नशा करने वाले लोगों को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार... इस अभियान से अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा और नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।